# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ,गाजीपुर–233001

e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com, eeupjnrgzp@gmail.com

पत्रांक 1083 / पेपर कटिंग / 29 दिनांक– 11/06/2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय– दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक ''डेढ़ साल से अधूरी जल जीवन मिशन की टंकी, जमानिया में बजट के अभाव में ग्रामीण शुद्ध पेयजल को तरस रहे, आन्दोलन की चेतावनी'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आप महोदय को सादर अवगत कराना है कि दैनिक भास्कर मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक ''डेढ़ साल से अधूरी जल जीवन मिशन की टंकी, जमानिया में बजट के अभाव में ग्रामीण शुद्ध पेयजल को तरस रहे, आन्दोलन की चेतावनी'' की खबर दैनिक भास्कर सोशल मिडिया में दिनांक–09.06.2026 को प्रकाशित हुयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सुगबलियॉ पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स एच0एफ0सी0एल0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित 01 नलकूप पूर्ण, 01 नग पम्प हाउस पूर्ण, शिरोपरि जलाशय 175 किली0 / 18 मी0 स्टेजिंग का निर्माण कार्य 10 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 17.00 कि0मी0 के सापेक्ष 15.00 कि0मी0 पूर्ण एवं गृह जल सयोजन 290 नग के सापेक्ष 150 नग पूर्ण है। वर्तमान में योजना का निर्माण कार्य विगत डेढ़ वर्षो से बन्द है। जिस सम्बन्ध मे कार्यदायी संस्था को कार्य प्रारम्भ करने हेतु अनेको बार पत्र, मौखिक एवं दूरभाष के माध्यम निर्देशित किया गया है। धनावंटन / भुगतान न होने के कारण कार्यदायी फर्म द्वारा योजना का कार्य बन्द कर दिया गया है। भुगतान प्राप्त होने की दशा में कार्यदायी संस्था द्वारा योजनान्तर्गत समस्त अवशेष कार्य पूर्ण कराते हुए योजनान्तर्गत पेयजल आपूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

for अधिशासी अभियन्ता

Letter/EE/2025/609